त्रैमासिक सूचना पत्र

संस्थान डीओटी (0212) भारतीय रेल सिविल इंजीनियरी संस्थान, पुणे-411001
628680, 622271, 625030, 627545
रेलवे 210
छात्रावास डीओटी (0212)
630579, 626816, 621669
रेलवे 432, 424

फैक्स 0212-628677,
ई-मेल iricen @giaspn01.vsnl.net.in
टेलीग्राम : रेलपथ इंटरनेट http://www.iricen.com

वर्षः द्वितीय अंकः तृतीय जुलाई-सितम्बर 1998

1. राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 59 वीं बैठक
2. दक्षिण रेल पर तीन फील्ड पाठ्यक्रम
3. प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण
4. रेलपथ ज्यामिति सूचकांक पर कार्यशाला
5. रेलपथ कार्य समिति की बैठक
6. मेसर्स गैमन इंडिया लिमिटेड के लिए विशेष पाठ्यक्रम
7. स्वतंत्रता दिवस समारोह
8. सद्भावना दिवस समारोह
9. प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए विशेष पाठयक्रम
10. वरिष्ठ प्रशासनिक श्रेणी अधिकारियों के लिए कार्य पर सेमिनार
11. पुल एवं सामान्य विषयों पर वरिष्ठ व्यावसायिक पाठ्यक्रम
12. इरकॉन इंजीनियरों के लिए विशेष पाठयक्रम
13. इंस्टीटयूट ऑफ परमनेंट वे इंजीनियर्स (इंडिया) के अंतर्गत गतिविधियां
14. पूर्वोत्तर सीमांत रेल पर फील्ड पाठयक्रम
15. प्रशिक्षण प्रबंधकों की बैठक
16. 'इरिसेन में आइ एस ओ 9000 के कार्यान्वयन' पर व्याख्यान
17. सं.रा. वि. का.(UNDP) का सघन पाठयक्रम
18. हिन्दी सप्ताह समारोह
19. निकट भविष्य में आयोजित किये जानेवाले प्रशिक्षण पाठयक्रम
20. राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 60 वीं बैठक
21. इरिसेन के प्रकाशन
22. आपके पत्र

1. राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 59 वीं बैठक

दि. 15 जुलाई को संस्थान में गठित राजभाषा कार्यान्वयन की 59 वीं बैठक सम्पन्न हुई. बैठक की अध्यक्षता, समिति के अध्यक्ष, संस्थान के निदेशक श्री विनोद कुमार ने की. बैठक में दिनांक 31.3.98 को समाप्त तिमाही की हिंदी प्रगति की समीक्षा की गई तथा प्रगति हेतु आवश्यक निदेश दिए गए. उप मुख्य राजभाषा अधिकारी तथा प्राध्यापक रेलपथ-2 के अलावा इस बैठक में अन्य संकाय सदस्य तथा पर्यवेक्षक भी उपस्थित थे.

2. दक्षिण रेल पर तीन फील्ड पाठ्यक्रम

दक्षिण रेल के अनुरोध पर इरिसेन द्वारा दिनांक 27.7.98 से 28.7.98 तक प्रणाली प्रशिक्षण केन्द्र, पोदानूर में दक्षिण रेल के लाभार्थ रेल पथ विषयों (एल डब्ल्यू आर, एस डब्ल्यू आर आदि) पर एक फील्ड पाठ्यक्रम (सत्र क्र. 9863) आयोजित किया गया, जिसमें दक्षिण रेल के 36 अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित हुए. साथ ही इसी प्रकार दि.3.8.98 से 4.8.98 तक इसी स्थान पर ठेके एवं विवाचन पर एक फील्ड पाठ्यक्रम (सत्र क्र.9864) आयोजित किया गया, जिसमें वरिष्ठ प्रशासनिक श्रेणी के 3 अधिकारियों सहित 46 अधिकारी तथा पर्यवेक्षक उपस्थित हुए.

दिनांक 28.9.98 से 29.9.98 तक दक्षिण रेल, चैन्नई में ' रेल पहिया पारस्परिक अंत:-क्रिया एवं दुर्घटना' पर विशेष पाठ्यक्रम आयोजित किया गया. जिसमें 46 अधिकारी एवं रेलपथ निरीक्षक उपस्थित हुए.

यह उल्लेखनीय है कि इरिसेन, समय-समय पर क्षेत्रीय रेलों/ईकाईयों के अनुरोध पर उनके स्टेशन पर जाकर प्रशिक्षण देता है तथा ' ज्ञान ज्योति से मार्ग-दर्शन ' के अपने मूल मंत्र पर चलता है.

सम्पादकीय

विजयादशमी एवं दीपोत्सव की मंगल कामनाओं सहित त्रैमासिक सूचना पत्र का जुलाई-सितम्बर 1998 अंक अवलोकनार्थ प्रस्तुत है. हम अपने सूचना पत्र की कम्पोजिंग तथा मुद्रण संस्थान के संगणक कक्ष में ही कर रहे हैं. हमने अपने प्रयासों में कितनी सफलता अर्जित की है, इसका प्रमाण यही है कि अन्य संस्थानों में भी इसी प्रकार के सूचना पत्र संगणक कक्ष से निकलने लगे है.

प्रकाशन एवं मुद्रण जगत में संगणक के प्रवेश से एक नई क्रांति का सूत्रपात हुआ है और संगणक में हिंदी के प्रवेश से हिंदी के विपक्ष में दी जा रही दलीलें स्वयंमेव अशक्त हो गई है. आधुनिक ज्ञान-विज्ञान की प्रगति के साथ-साथ हिंदी कदम से कदम मिलाकर चल रही है.

यह तिमाही सरकारी कार्यालयों में हिंदी के प्रयोग-प्रसार की समीक्षा की थीं. हिंदी दिवस, सप्ताह, पखवाडा, माह का आयोजन हुआ. हिंदी का सम्मान हम सबका सम्मान है, क्योंकि यह हमारी अपनी भाषा है. अपना प्रत्येक सरकारी काम इस भाषा में करने पर हमें गौरव का अनुभव होना चाहिए. आइयें! अब हम इस हिंदी दिवस' पर लिये गए संकल्पों को पूरा करने में जुट जाए.

इस पत्र को और उपयोगी बनाने के लिए आपके सुझावों तथा प्रतिक्रियाओं की प्रतीक्षा रहेगी.

संरक्षक
विनोद कुमार
निदेशक
इरिसेन पुणे

मुख्य संपादक
अनिल कुमार
उप मुख्य राजभाषा अधि.
एवं प्राध्यापक रेलपथ-2

संपादक
विपिन पवार
कंप्यूटर सहयोग
शिवाजी तावड़े, एन.एल.गवंडी

मुद्रण एवं साजसज्जा
सी. एच. बठीजा
तकनीकी सहायक/कंप्यूटर
एन.एम.गोटेफोडे

3. प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण

क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्रों के व्याख्याताओं तथा प्रशिक्षकों के लिए दिनांक 20.7.98 से 'प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण' विषय पर चार सप्ताह का एक पाठ्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें 12 अधिकारी तथा पर्यवेक्षक उपस्थित हुए. इस पाठयक्रम में एक सप्ताह तक अतिथि विशेषज्ञों द्वारा "प्रशिक्षण देने के लिए अपेक्षित कुशलता में विकास" पर व्याख्यान दिए गए, जबकि शेष पाठयक्रम प्रशिक्षुओं के तकनीकी ज्ञान में अभिवृध्दि पर केन्द्रित था.

4. रेलपथ ज्यामिति सूचकांक (टी जी आई) पर कार्यशाला.

दि. 1.8.98 को पश्चिम रेल पर 'रेलपथ ज्यामिति सूचकांक' (ट्रैक ज्यामिटी इंडेक्स) पर इरिसेन द्वारा एक कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें पश्चिम रेल के 56 अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया. इसी प्रकार इसी विषय पर मध्य रेल, भुसावल में दि. 28.8.98 को एक कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें मध्य रेल के 35 अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने भाग लिया.

5. रेलपथ कार्य समिति की बैठक -

दि. 5.8.98 से 6.8.98 तक संस्थान में रेलवे बोर्ड की "पूर्ण ब्लॉक सुरक्षा/ गति प्रतिबंध के अधीन किए जाने वाले रेलपथ कार्यों की समिति" की बैठक सम्पन्न हुई. उक्त बैठक में समिति के संयोजक, संस्थान के वरिष्ठ प्राध्यापक(कार्य) श्री सी.पी.तायल के अलावा समिति के सदस्य गण श्री आर के सिंह, मुख्य रेलपथ इंजीनियर, मध्य रेल, श्री एस आर चौधरी, मुख्य रेलपथ इंजीनियर, दक्षिण पूर्व रेल, श्री आर एस पूनिया, निदेशक, सिविल इंजीनियरी(योजना), रेलवे बोर्ड, तथा श्री शरत शर्मा, निदेशक, संरक्षा, रेलवे बोर्ड उपस्थित थे.

6. मेसर्स गैमन इंडिया लिमिटेड के लिए विशेष पाठ्यक्रम.

पिछले कुछ वर्षों से इरिसेन, मेसर्स गैमन इंडिया लिमिटेड की आवश्यकताओं के अनुरूप विशिष्ट विषयों पर लगातार पाठयक्रमों का आयोजन कर रहा है. इस वर्ष दि. 10.8.98 से 21.8.98 तक दो सप्ताह के लिए सत्र क्र. 9829 'निर्माण प्रौद्योगिकी तथा निर्माण प्रबंधन' पर विशेष पाठयक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें गैमन इंडिया के 21 इंजीनियर उपस्थित हुए.

7. स्वतंत्रता दिवस समारोह



(चित्र में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण के बाद अधिकारियों, कर्मचारियों, परिवार जनों को संबोधित करते हुए संस्थान के निदेशक श्री विनोद कुमार)

संस्थान में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाया गया. प्रात: निदेशक श्री विनोद कुमार ने ध्वजारोहण कर उपस्थित अधिकारियों तथा कर्मचारियों को संबोधित करते हुए अपने प्रेरक भाषण में बताया कि इस अवसर पर हमें कर्तव्य-भावना को जगाना है तथा अपना काम निष्ठापूर्वक कर राष्ट्र की प्रगति में अपना योगदान देना है. तत्पश्चात एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें प्रशिक्षु अधिकारियों ने भी भाग लिया. सांस्कृतिक कार्यक्रम की श्रोताओं ने भरपूर सराहना की. कार्यक्रम का संचालन श्री विपिन पवार ने किया. इस अवसर पर संस्थान के निदेशक ने उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के लिए संस्थान के 20 कर्मचारियों को नकद पुरस्कार से सम्मानित किया तथा उपस्थित अधिकारियों तथा कर्मचारियों को संबोधित किया.



(स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुत नाटक का एक दृश्य)

8. सद्भावना दिवस समारोह.

दिनांक 20.8.98 से 5.9.98 तक स्व. श्री राजीव गांधी के जन्मदिवस पर संस्थान में साम्प्रदायिक सद्भावना पखवाडा मनाया गया. इस अवसर पर दिनांक 20.8.98 को संकाय अध्यक्ष डा.वि.बालकृष्णन ने समस्त संकाय सदस्यों तथा कर्मचारियों को हिंदी तथा अंग्रेजी में साम्प्रदायिक सद्भाव बनाये रखने की शपथ दिलाई.

9. प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए विशेष पाठयक्रम

रेलवे स्टाफ कॉलेज, वडोदरा के अनुरोध पर इरिसेन द्वारा दिनांक 19.8.98 से 20.8.98 तक संस्थान में विभिन्न सेवाओं के प्रशिक्षु अधिकारियों को सिविल इंजीनियरी विषयों से परिचित कराने हेतु एक द्वि-दिवसीय आधारभूत पाठ्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें 22 प्रशिक्षु अधिकारी उपस्थित हुए.

10. वरिष्ठ प्रशासनिक श्रेणी अधिकारियों के लिए कार्य पर सेमिनार-

दिनांक 24.8.98 से 25.8.98 तक वरिष्ठ प्रशासनिक श्रेणी के अधिकारियों के लिए 'कार्य' पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें 9 वरि.प्रशा. श्रेणी के अधिकारियों ने भाग लिया. इस सेमिनार में 'कार्य' के विविध विषयों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया तथा उपयोगी अनुशंसाए की गई.

11. पुल एवं सामान्य विषयों पर वरिष्ठ व्यावसायिक पाठ्यक्रम.

दिनांक 24.8.98 से 19.9.98 तक वरिष्ठ वेतनमान/अवर प्रशासनिक श्रेणी के 14 अधिकारियों के लिए पुल एवं सामान्य विषयों पर वरिष्ठ व्यावसायिक पाठयक्रम का आयोजन किया गया.

12. इरकॉन इंजीनियरों के लिए विशेष पाठ्यक्रम.

दिनांक 31.8.98 से 25.9.98 तक इरकॉन इंजीनियरों के लिए नई रेल लाइनों के निर्माण पर विशेष पाठ्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें इरकॉन के 15 इंजीनियर उपस्थित हुए.

13. इंस्टीट्यूट ऑफ परमनेंट वे इंजीनियर्स(इंडिया) के अंतर्गत गतिविधियां-

इस तिमाही में आई.पी.डब्ल्यु.आई.(इं) के अंतर्गत श्री राजेश अग्रवाल, प्राध्यापक(कार्य) ने 'प्रबलित तटबंधों का अभिकल्प' तथा श्री बृजेश कुमार, प्राध्यापक रेलपथ-1 ने 'रेल पटरियों में दोष के आंकडों के सांख्यिकीय विश्लेषण द्वारा रेल पटरियों के जीवन काल का निर्धारण - वेबुल विश्लेषण' विषय पर अपने शोध-पत्र प्रस्तुत किए. उल्लेखनीय है कि इरिसेन आई पी डब्ल्यू आई(इं) का केन्द्र है.

14. पूर्वोत्तर सीमांत रेल पर फील्ड पाठ्यक्रम.

पूर्वोत्तर सीमांत रेल के महाप्रबंधक(निर्माण) के अनुरोध पर इरिसेन द्वारा गुवाहाटी में दिनांक 1.9.98 से 3.9.98 तक 'ठेके एवं विवाचन' पर एक विशेष पाठ्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें अवर प्रशासनिक श्रेणी एवं इससे उच्च श्रेणी के निर्माण कार्यों से संबंधित सभी विभागों के 31 अधिकारी उपस्थित थे.

15. प्रशिक्षण प्रबंधकों की बैठक


रेलवे बोर्ड द्वारा, मुख्य इंजीनियरों (सामान्य) को प्रशिक्षण प्रबंधकों के रूप में नामित किया गया है. प्रशिक्षण आवश्यकताओं तथा प्रशिक्षण क्षमता के अधिकतम उपयोग की समीक्षा करने के लिए भारतीय रेल के प्रशिक्षण प्रबंधकों की बैठक दिनांक 7 एवं 8 सितंबर को इरिसेन में सम्पन्न हुई.

16. इरिसेन में ' आइएसओ 9000 ' के कार्यान्वयन पर व्याख्यान

इरिसेन 'आइएसओ (इंटरनेशन आर्गनाइजशन फॉर स्टैन्डर्डडाइजेशन)9000' प्रमाणपत्र प्राप्त करने के लिए प्रयत्नशील है, इस हेतु इरिसेन की सहायता के लिए राईट्स को एजेन्सी बनाया गया है. इस दिशा में चल रहे हमारे प्रयासों की श्रृंखला के रूप में दिनांक 10 सितम्बर को संयुक्त महाप्रबंधक - राईट्स द्वारा 'इरिसेन में आइएसओ 9000 का कार्यान्वयन' विषय पर व्याख्यान दिया गया, जिसमें समस्त संकाय सदस्यों के अलावा अन्य सभी कर्मचारी गण भी उपस्थित थे.

17.संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) का सघन पाठ्यक्रम -

इरिसेन को संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम(UNDP) की सहायता कुछ वर्ष पहले प्राप्त हुई थी. यू. एन. डी. पी. की नई परियोजना 'वृहत् विकास के लिए रेल आधारभूत संरचना की श्रेणीवृद्धि' के अंतर्गत श्री डेविड एच.डीकन, निदेशक, स्टील प्रोटेक्शन कंसल्टेन्सी, यू.के. ने दिनांक 14 तथा 15 सितंबर को इरिसेन का दौरा किया. श्री डीकन 7 से 15 सितंबर तक भारत दौरे पर थे. श्री डीकन ने 'जंग संक्षारण तथा इस्पात पुलों एवं संरचनाओं की रंगाई' पर एक सघन पाठ्यक्रम सं.9868 चलाया. क्षेत्रीय रेलों के 20 अधिकारी इस व्याख्यान में उपस्थित हुए तथा पाठ्यक्रम का लाभ उठाया.



(चित्र में संबोधित करते हुए श्री डेविड एच.डीकन,निदेशक,स्टील प्रोटेक्शन कंसल्टेन्सी, यु.के)

18. हिंदी सप्ताह समारोह

हिंदी सप्ताह का शुभारंभ दिनांक 15 सितंबर को 'हिंदी दिवस' के आयोजन से हुआ. इस अवसर पर संस्थान के निदेशक श्री विनोद कुमार ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया. उप मुख्य राजभाषा अधिकारी तथा प्राध्यापक/रेलपथ-2 श्री अनिल कुमार ने अपने स्वागत भाषण में हिंदी सप्ताह आयोजित करने के मूल में जो भावना है, उसका उल्लेख करते हुए बताया कि हमें अपनी भाषा हिंदी के प्रति स्वयं प्रेरणा को जागृत कर मूल रूप से हिंदी में काम करना चाहिए. इमें किसी आदेश या निदेश की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए. हम मूल रूप से हिंदी में काम करें, अनुवाद का सहारा न लें.

इस अवसर पर उपस्थितों को संबोधित करते हुए निदेशक ने अपने प्रेरक तथा रोचक भाषण में बताया कि किसी भी देश के सम्मान तथा गौरव की कुछ पहचान होती है, राजभाषा भी इनमें से एक है. आपने उपस्थित कर्मचारियों को प्रेरित करते हुए अपने भाषण में आगे बताया कि हिंदी का सम्मान हम सबका सम्मान हैं, क्योंकि यह हमारी अपनी भाषा है. अपना प्रत्येक काम हिंदी में करने पर हमें गौरव का अनुभव होना चाहिए. आपने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि राजभाषा के प्रयोग-प्रसार के क्षेत्र में जो लक्ष्य निर्धारित किये गये हैं, उन्हें पाने के लिए संस्थान सतत प्रयत्नशील है. आपने सरकारी कामकाज में आसान हिंदी के प्रयोग पर बल देते हुए बताया कि तकनीकी ज्ञान विज्ञान की प्रगति के साथ हिंदी भी पीछे नहीं है. बाद में गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग द्वारा कंप्यूटर पर निर्मित रोचक, बोधगम्य तथा सराहनीय फिल्म 'नई मंजिल की नई राह' का प्रदर्शन किया गया.

सप्ताह के दौरान कर्मचारियों के लिए हिंदी निबंध, वाक्, टिप्पण एवं आलेखन तथा शुध्दलेखन की विविध प्रतियोगिताएं आयोजित की गई.

हिंदी सप्ताह के समापन समारोह में दिनांक 25 सितम्बर को उप मुख्य राजभाषा अधिकारी श्री अनिल कुमार ने हिंदी प्रगति की रिपोर्ट प्रस्तुत की. विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता कर्मचारियों को निदेशक श्री विनोद कुमार तथा संकाय अध्यक्ष डा वि.बालकृष्णन के करकमलों द्वारा नकद पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र से सम्मानित किया गया. आभार प्रदर्शन श्री ना. लि. नाडगौडा, सह प्राध्यापक ने किया.

सप्ताह के दौरान आयोजित समस्त कार्यक्रमों का संचालन राजभाषा सहायक ग्रेड1 श्री विपिन पवार ने किया. पुणे नगर से प्रकाशित हिंदी, मराठी एवं अंग्रेजी के 15 समाचार पत्रों ने हिंदी सप्ताह के समाचार को विशेष प्राथमिकता देकर प्रकाशित किया.



(चित्र में हिंदी सप्ताह समारोह के अवसर पर मंच पर आसीन बाएं से निदेशक श्री विनोद कुमार, उप मुख्य राजभाषा अधिकारी श्री अनिल कुमार एवं संचालन करते हुए श्री विपिन पवार, राजभाषा अनुभाग)

19. निकट भविष्य में आयोजित किए जानेवाले प्रशिक्षण पाठ्यक्रम-

सत्र क्र.	दिनांक से	दिनांक तक	विषय
9845	2.11.98	15.1.98	समूह 'ख' अधिकारियों के लिए समन्वित पाठ्यक्रम.
9846	9.11.98	20.11.98	शब्द संसाधन तथा स्प्रेड शीट पर संगणक पाठ्यक्रम
9840	9.11.98	13.11.98	ठेके एवं विवाचन.
9847	16.11.98	20.11.98	भा.रे.याता.सेवा(प्रशि.) का प्रशिक्षण.
9848	23.11.98	8.1.99	वरिष्ठ व्यावसायिक पाठ्यक्रम;रेलपथ
9853	28.12.98	1.1.99	भा.रे.इं.से (प्रशि.)97 का पाठ्यक्रम
9849	23.11.98	25.11.98	मुख्य पुल इंजीनियरों का सेमिनार
9850	14.12.98	18.12.98	अवपथन पर विशेष पाठ्यक्रम
9851	14.12.98	18.12.98	भा.रे.यां.इं.सेवा(प्रशि.)का प्रशिक्षण

20. राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 60 वीं बैठक :


दिनांक 25 सितम्बर को संस्थान में गठित राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 60 वीं बैठक सम्पन्न हुई. बैठक की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक श्री विनोद कुमार ने की. बैठक में दिनांक 30.6.98 को समाप्त तिमाही की हिंदी प्रगति की समीक्षा की गई तथा प्रगति हेतु आवश्यक निदेश दिए गए. बैठक को संबोधित करते हुए निदेशक श्री विनोद कुमार ने कहा कि संस्थान में राजभाषा का प्रयोग-प्रसार ठीक ढंग से चल रहा है. आपने अपने प्रेरक भाषण में अनुवाद पर निर्भरता को समाप्त करने की आवश्यकता पर बल दिया. उप मुख्य राजभाषा अधिकारी श्री अनिल कुमार ने हिंदी के प्रयोग की समीक्षा की. बैठक में समस्त संकाय सदस्यों के अलावा अन्य पर्यवेक्षक/कर्मचारी उपस्थित थे.

21. इरिसेन के प्रकाशन

इरिसेन के निम्नलिखित प्रकाशन उपलब्ध है.

क्र.सं	शीर्षक	मूल्य
1.	पिक्टोग्राम्स फॉर रेलवे प्रिमाईसेस	45.00
2.	बेयरिंग्स फॉर रेलवे ब्रिजेस	40.00
3.	ब्रिज इंस्पेक्शन एंड मेंटनेन्स	30.00
4.	रिवर ट्रेनिंग एंड प्रोटेक्शन वर्क्स	30.00
5.	वेल्डिंग टेक्नीक	12.00
6.	स्पीड ऑन कर्व्स	10.00
7.	ले आउट कैलक्यूलैशन्स	10.00
8.	एल्युमिनोथर्मिक वेल्डिंग	10.00
9.	लांग वेल्डेड रेल्स	10.00
10.	रेल स्टील	10.00
11.	इम्प्रूविंग रनिंग ऑन कर्व्स	10.00
12.	इम्प्रूविंग रनिंग ऑन पॉइंट्स एंड क्रासिंग्स	10.00
13.	क्वालिटी कंट्रोल इन ट्रैक लिकिंग	10.00
14.	केयर ऑफ रेल जॉइंट्स	5.00
15.	एक्जेक्यूटिव प्रिंसिपल्स ऑफ थिरूवल्लुवर	5.00

22. आपके पत्र



आपके द्वारा भेजी गई संस्थान की हिंदी पत्रिका प्राप्त हुई, जिसमें विविध गति-विधियों की जानकारी दी गई है, यह प्रयास सराहनीय है.

- आर पी निबारिया, मुख्य कार्य प्रबंधक
कर्षण मशीन कारखाना, मध्य रेल, नासिक रोड.

संस्थान के त्रैमासिक सूचना पत्र अप्रैल-जून 1998 अंक की प्रति प्राप्त की. यह पत्रिका पढने में काफी रूचिकर एवं उपयोगी सिध्द हुई है. इस पत्रिका में सरलात्मक शब्दों तथा परिमार्जित भाषा का प्रयोग किया है. यदि इस पत्रिका में सिविल संबंधी शब्दावली तथा परीवीक्षाधान अधिकारियों की सूची के लिए स्थान दें, तो रेल अधिकारियों के लिए काफी उपयोगी सिध्द होगी.

-एन. बी. रेड्डी, सहायक पंजीयक
रेल दावा अधिकरण, नागपुर पीठ

- हमारा प्रयास संस्थान की सूचनाओं को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाना है. पत्रिका के सूचनाप्रद स्वरूप एवं स्थानाभाव के कारण खेद है कि शब्दावली एवं सूची का प्रकाशन अभी संभव नहीं हो पा रहा है.
.. सम्पादक

श्री अनिल कुमार,उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्राध्यापक/रेलपथ-2, भारतीय रेल सिविल इंजीनियरी संस्थान, रेल मंत्रालय पुणे-1 द्वारा प्रकाशित एवं संस्थान के संगणक केन्द्र में मुद्रित.
केवल सीमित निशुल्क आंतरिक वितरण हेतु.